भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
निगमित संचार निदेशालय

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>आज़ादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत भाविप्रा में वृक्षारोपण अभियान</u>

<u>नई दिल्ली - 07 जून, 2022:</u> भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रकृति के प्रति अपनी संवेदनशीलता प्रकट करते हुए दिनांक 7 जून, 2022 को निगमित मुख्यालय, नई दिल्ली में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाविप्रा के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार की अध्यक्षता में श्री अनिल कुमार पाठक, सदस्य (योजना/मानव संसाधन), श्री के. विनायक राव, सदस्य (वित), श्री एम. सुरेश, सदस्य (एएनएस/प्रचालन), श्री अमल गर्ग, मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व कार्मिकों ने निगमित मुख्यालय के प्रांगण में 50 से अधिक पौधे लगाए गए ।

इस अवसर पर भाविप्रा के सभी हवाई अड्डों, क्षेत्रीय मुख्यालयों एवं अन्य कार्यालयों में भी 5000 से अधिक पौधे लगाए गए। भाविप्रा पर्यावरण नीति के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है, जिसके लिए भाविप्रा के सभी हवाई अड्डो पर सार्थक कदम उठाए जा रहें हैं ।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी किया गया
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: म.प्र. (नि.सं) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 11/2022-23

श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण पौधा लगाते हुए ।